<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–04 अगस्त 2025</u> **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने देर शाम बाढ़ की स्थिति और कानून व्यवस्था सहित कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर की उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक, कहा–बाढ़ को लेकर राहत कार्यों में बर्दाश्त नहीं की जाएगी किसी भी प्रकार की लापरवाही।
- रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने भावनगर–अयोध्या छावनी साप्ताहिक रेलगाड़ी को दिखाई झंडी, कहा–बड़े विजन के साथ रेलवे में हो रहा है बड़ा परिवर्तन।
- पवित्र सावन माह के अंतिम सोमवार पर ऐतिहासिक मंदिरों और शिवालयों में उमड़ी श्रद्धालुओं तथा कावड़ियों की भारी भीड़, भगवान शिव का जलाभिषेक कर हो रही है पूजा अर्चना।
- रक्षाबंधन पर्व पर आठ से दस अगस्त तक प्रदेश की रोडवेज की बसों में महिलाओं को दी जाएगी यात्रा की निःशुल्क सुविधा।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल देर शाम उच्चस्तरीय बैठक में वीडियो कांन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बाढ़ की स्थिति, आगामी पर्व त्योहारों पर कानून व्यवस्था और हर घर तिरंगा अभियान की समीक्षा की। बैठक में मुख्यमंत्री ने बाढ़ प्रभावित इलाकों के अधिकारियों को राहत कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने बाढ़ बचाव कार्य में छोटी और मझली नावों का प्रयोग न करने के सख्त निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने बाढ़ प्रभावित जिलों में कंट्रोल रूम सक्रिय करने के साथ यह भी निर्देशित किया कि लोगों को समय से राहत और खाद्य सामग्री का वितरण किया जाए। उन्होंने कहा कि राहत कार्यो में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नही की जाएगी। बैठक में मुख्यमंत्री ने हर घर तिरंगा अभियान की समीक्षा करते हुए कहा कि नौ अगस्त से बारह अगस्त तक तिरंगा यात्रा, तिरंगा महोत्सव और मेला का आयोजन किया जाय तथा तेरह अगस्त से पन्द्रह अगस्त तक सरकारी, निजी कार्यालयों, संस्थानों और लोगों के घरों पर तिरंगा फहराया जाय। मुख्यमंत्री ने चौदह अगस्त को विभाजन विभीषिका दिवस पर तिरंगा यात्रा निकालने के निर्देश दिये।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में यूपी पुलिस दूरसंचार विभाग में चयनित एक हजार चार सौ चौरानवे सहायक परिचालकों के नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने चयनित कई अभ्यर्थियों को अपने हाथों से नियुक्ति पत्र वितरित किये। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पूरे देश में उत्तर प्रदेश सर्वाधिक पुलिस की भर्ती और सरकारी नौकरी देने वाले राज्यों में पहले स्थान पर है।

***2017 में जब हमारी सरकार आती है तो हम लोगों ने भर्ती की इस प्रक्रिया को ईमानदारी पूर्वक करने के लिए इस बोर्ड की सुदृड़ीकरण के कार्यक्रम को आगे बढ़ाया, परिणाम है उत्तर प्रदेश देश के अंदर सर्वाधिक पुलिस की भर्ती और सरकारी नौकरी देने वाले राज्यों में उत्तर प्रदेश पहले नंबर पर आता है। साढ़े आठ लाख सरकारी भर्ती हमने अब तक सम्पन्न की है।***

**********

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रेलवे के आधुनिकीकरण, विस्तार और सुरक्षा के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई है। वे कल गुजरात के भावनगर रेलवे स्टेशन से भावनगर–अयोध्या छावनी साप्ताहिक रेलगाडी को झंडी दिखाने के बाद आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पिछले ग्यारह वर्षों में भारतीय रेलवे में महत्वपूर्ण बदलाव हुए है।

***बड़े विजन के साथ रेलवे में एक बड़ा परिवर्तन हो रहा है। नई पटरियां बन रही है, नई तरह की ट्रेन्स आ रही है, ट्रेन को साफ रखना, स्टेशन को साफ रखना, नए स्टेशन बनाना, कई तरह के काम हाथ में लिए गए हैं और बहुत खुशी की बात है कि भावनगर से अयोध्या धाम को जोड़ने वाली नई ट्रेन चालू हुई है।***

रेल मंत्री ने कहा कि देश में एक हजार तीन सौ रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास विश्व की सबसे बडी स्टेशन पुनर्विकास परियोजना है।

**********

केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री रामदास आठवले ने कल आगरा में रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इण्डिया द्वारा आयोजित संविधान सम्मान सम्मेलन में हिस्सा लिया। इस अवसर पर मीडिया से बात करते हुए श्री आठवले ने कहा कि देश के हर नागरिक को संविधान का सम्मान करना चाहिए।

(बाइट–रामदास आठवले)3

***इस देश में जिसको रहना है उसे संविधान का सम्मान करना ही होगा। और बाबा साहब का संविधान सभी जाति–धर्म को न्याय देता है इसलिए संविधान का सम्मान होता रहेगा तो देश मजबूत होता रहेगा।***

आज पवित्र सावन माह के अन्तिम सोमवार पर प्रदेश भर में श्रद्धालु और कावंड़िये ऐतिहासिक मंदिरों तथा शिवालयों में जलाभिषेक कर भगवान शिव की आराधना कर रहे हैं। शिवालयों में पूजा अर्चना के लिए तड़के से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी हुई है। वहां जलाभिषेक करने पहुंचे श्रद्धालुओं के लिये प्रशासन की तरफ से विशेष इंतजाम किये गये हैं। वाराणसी में आज बाबा विश्वनाथ का

विशेष रूद्राक्ष श्रृंगार किया गया। देश के कई हिस्सों से श्रद्धालु बाबा विश्वनाथ का जलाभिषेक करने पहुंचे हैं। भगवान राम की नगरी अयोध्या भी शिवमय हो गयी है। श्रद्धालु सरयू स्नान के बाद नागेश्वरनाथ महादेव का सरयू नदी के जल से अभिषेक कर रहे हैं। प्रदेश भर के प्रमुख शिवालयों में जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतारे लगी हैं।

**********

रक्षाबंधन पर्व पर प्रदेश सरकार महिलाओं को उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की बसों में निःशुल्क यात्रा करने की सुविधा देगी। महिलाओं की यूपी रोडवेज की बसों में निःशुल्क यात्रा की व्यवस्था आठ अगस्त की सुबह छः बजे से दस अगस्त की रात बारह बजे तक रहेगी। इसे लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों में पर्याप्त संख्या में बसें चलाने के निर्देश दिये हैं।

**********

लगातार बारिश के चलते नदियों के उफान पर आने से प्रदेश के कई जिले बाढ़ की चपेट में आ गये हैं। राज्य के राहत आयुक्त भानुचंद गोस्वामी ने बताया है कि चित्रकूट, बलिया, बांदा, गाजीपुर, मिर्जापुर, भदोही, प्रयागराज, वाराणसी और चंदौली सहित प्रदेश के कई जिलों के चार सौ से अधिक गांव बाढ़ से प्रभावित हैं। वाराणसी में गंगा नदी खतरे के निशान से तेइस सेंटीमीटर ऊपर बह रही है जबकि चित्रकूट के मऊ तहसील क्षेत्र में यमुना नदी का जलस्तर बढ़ने से पचीस गांव पानी से घिर गये हैं। बाढ़ और बारिश के चलते चित्रकूट में कक्षा एक से बारह तक के विद्यालय और प्रयागराज में कक्षा आठ तक के विद्यालय आज बन्द कर दिये गये हैं।

उधर, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर बाढ़ प्रभावित इलाकों की मॉनिटरिंग अलग–अलग मंत्रियों द्वारा की जा रही है। इसी क्रम में प्रदेश के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कल जालौन के माधवगढ़ में बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों का दौरा किया। श्री सिंह ने कहा बाढ़ की स्थिति पर सरकार की पूरी नज़र है।

***इस वक्त हमारे पास केवल बुंदेलखण्ड और मध्य प्रदेश की नदियां हैं जिसके कारण कोई ज्यादा चुनौती नहीं है पानी धीरे–धीरे उतरकर और आप चिन्ता मत करिये और कुछ गांव भी चिन्हित हैं इसमें आपको हरप्रकार का सहयोग मिलता रहेगा।***

इस बीच, मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों तक प्रदेश के कई हिस्सों में मध्यम से भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है।

**********

प्रदेश के गोंडा जिले में कल सुबह हुई एक सडक दुर्घटना में ग्यारह लोगों की मृत्यु हो गई और चार अन्य घायल हो गए। स्थानीय पुलिस के अनुसार पृथ्वीनाथ मंदिर जा रहे एक वाहन में पंद्रह श्रद्धालु सवार थे। यह हादसा उस समय हुआ जब श्रद्धालुओं से भरी यह कार अनियंत्रित होकर पारा सराय अलावल देवरिया सड़क पर सरयू नहर पुल के पास नहर में गिर गई।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने दुर्घटना में कई लोगों की मृत्यु की खबर को दुखद बताया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दुर्घटना में मरने वाले लोगों के प्रति दुख व्यक्त करते हुए प्रत्येक मृतक के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से दो–दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की। वहीं, घायलों को इलाज के लिए पचास–पचास हजार रुपये दिए जाएंगे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी इस हादसे पर दुख जताया। उन्होंने मृतकों के परिजनों के लिए पांच–पांच लाख रुपये की अनुग्रह राशि दिए जाने की घोषणा की ।

**********